# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर

## पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ परीक्षा-2021

**परीक्षा दिनांक 28.08.2022 (रविवार)**

## परीक्षा परिणाम

विज्ञप्ति क्रमांक-8033/31/2022/अनु.-10 इन्दौर, दिनांक :- 13-10-2022

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर [01] विज्ञापन क्रमांक- 07/2021/20.09.2021 ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 04.11.2021, [अ] सूचना-पत्र क्रमांक-01/2021, दिनांक 23.11.2021 (आयोग द्वारा जारी विज्ञापनों हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा पुनः प्रारंभ करने के संबंध में।, [ब] शुद्धि पत्र क्रमांक-01/7/2021, दिनांक 25.05.2022, (पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के पदों की पूर्ति हेतु रोजगार पंजीयन, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु आयु सीमा छूट तथा ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा पुनः प्रारंभ करने की सूचना संबंधी।, [स] शुद्धि पत्र क्रमांक 02/07/2021, दिनांक 28.07.2022 (पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ परीक्षा शहर एवं प्रवेश पत्र की सूचना संबंधी के अंतर्गत कुल-129 पदों हेतु पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ परीक्षा-2021, परीक्षा दिनांक 28.08.2022 (रविवार) को जिला मुख्यालय इंदौर पर 01 सत्र में दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे तक आयोजित की गई थी।

02/ उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की श्रेणीवार कुल संख्या निम्नानुसार है :-

| श्रेणीवार विज्ञापित पद | |
|---|---|
| श्रेणी | कुल विज्ञापित पद |
| अनारक्षित (UR) | 25 |
| अनुसूचित जाति (SC) | 12 |
| अनुसूचित जनजाति (ST) | 63 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 21 |
| आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) | 8 |
| कुल | 129 |

03/ माननीय उच्च न्यायालय में अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के प्रतिशत के संबंध में लंबित याचिकाओं के अंतरिम आदेशों के परिप्रेक्ष्य में एवं सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. भोपाल के "पत्र क्रमांक-एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 29 सितंबर 2022" के प्रकाश में आयोग द्वारा अपनी बैठक में दिनांक 29.09.2022 के निर्णय क्र.-26 में निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करते हुए परीक्षा परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया गया।

<u>इस परीक्षा परिणाम को घोषित किए जाने हेतु निम्नांकित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित किया गया है :-</u>

1 सर्वप्रथम सभी विज्ञापनों में अन्य पिछड़ा वर्ग के वर्तमान विज्ञापित पदों को 27 प्रतिशत मान्य करते हुए उन्हें 14 प्रतिशत मुख्य भाग हेतु एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग हेतु गणना कर पृथक-पृथक किया जाए। साथ ही समस्त विभागों से 27 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के विज्ञापित पदों का विभाजित विवरण मांग लिया जाए।

अविरत

2 उपरोक्त विभाजित 14 प्रतिशत पदों को अन्य वर्गों हेतु विज्ञापित पदों में जोड़कर कुल विज्ञापित पदों के 87 प्रतिशत पदों को मुख्य भाग लेकर परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए।

3 उपरोक्त (1) की गणना के अनुसार प्राप्त अन्य पिछड़ा वर्ग के शेष 13 प्रतिशत पदों के लिए अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को लेकर विज्ञापित पद संख्या के आधार पर प्रावधिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए। सामान्य प्रशासन विभाग के उपरोक्त पत्रानुसार प्रारंभिक परीक्षा/लिखित परीक्षा में चयनित (शार्टलिस्टेड) प्रावधिक अभ्यर्थी परीक्षा के अगले प्रत्येक चरण (मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार) में प्रावधिक रूप से ही सम्मिलित होंगे। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत वह अपने संबंधित वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गए 13 प्रतिशत पद के विरूद्ध ही चयनित होंगे न कि पूर्व घोषित हो चुके 87 प्रतिशत पद के विरूद्ध।

4 समस्त चयन प्रक्रियाओं में साक्षात्कार आयोजन के समय तक संबंधित विभागों से सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित पत्र के संदर्भ में पुनरीक्षित अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विभाजित पद विवरण सहित सभी पदों का विज्ञापित पद विवरण अनिवार्यतः मांग लिया जाए। विभागों से पुनरीक्षित पद विवरण प्राप्त होने के उपरांत विज्ञापित पदों के मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के पदों की विज्ञप्ति प्रकाशित की जाए।

5 परीक्षा परिणामों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित) में अर्ह अभ्यर्थी अपने-अपने भाग में ही बने रहेंगे। चयन के किसी भी स्तर पर ये एक दूसरे से अंतर परिवर्तन (इंटरचेंज) हेतु दावा नहीं कर सकेंगे। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक अगले चयन हेतु इस आशय का वचन पत्र भी अभ्यर्थियों से अनिवार्यतः प्राप्त किया जाए।

6 साक्षात्कार के उपरांत माननीय न्यायालय को वस्तुस्थिति से अवगत करवाते हुए अंतिम परीक्षा परिणाम जारी करने के पूर्व पूर्वानुमति अनिवार्य रूप से प्राप्त की जाए।

7 तत्पश्चात् मुख्य भाग (87 प्रतिशत) का अंतिम चयन परिणाम घोषित कर अनुशंसा संबंधित विभागों को प्रेषित की जाए।

8 प्रावधिक भाग का अंतिम चयन परिणाम दोनों वर्गों (अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग) के लिए तैयार कर दो पृथक-पृथक सीलबंद लिफाफों में रख दिया जाए। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के पश्चात् जिस भी वर्ग के अभ्यर्थियों के पक्ष में निर्णय होता है वह लिफाफा खोलकर चयन परिणाम घोषित कर विभागों को अनुशंसा प्रेषित की जाए।

9 सभी लंबित लिखित परीक्षाओं/साक्षात्कार होने वाले या सम्पन्न हो चुके भर्ती परीक्षाओं के परिणाम यथाशीघ्र घोषित किए जाए।

10 उपरोक्त प्रक्रिया का पालन करने के पूर्व सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित पत्र का उल्लेख करते हुए परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया से संबंधित विज्ञप्ति प्रकाशित की जाए।

11 समस्त परिणाम माननीय उच्च न्यायालय में लंबित याचिका डब्ल्यू.पी.-5901/2019 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अधीन होंगे।

04/ उपरोक्त प्रक्रिया का पालन करते हुए <u>पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ परीक्षा-2021</u> का परीक्षा परिणाम निम्नानुसार दो भागों में है-(अ) मुख्य भाग (87 प्रतिशत) तथा (ब) प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी हेतु रखे जाने है)। तदनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विज्ञापित कुल पद-21 है जिसका मुख्य भाग में 14 प्रतिशत के मान से 11 पद तथा प्रावधिक भाग में 13 प्रतिशत के मान से 10 पद लिया गया है।

<u>मुख्य भाग-अ</u> के लिए <u>पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ परीक्षा-2021</u> हेतु उपरोक्त पदों के 03 गुना+समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह कुल अभ्यर्थियों की श्रेणीवार विवरण निम्नानुसार है :-

अविरत

## मुख्य भाग-अ

| श्रेणी | 03 गुना+समान अंक |
|---|---|
| अनारक्षित (UR) | 76 |
| अनुसूचित जाति (SC) | 17 |
| अनुसूचित जनजाति (ST) | 27 |
| अन्य पिछडा वर्ग (OBC) | 34 |
| आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) | 13 |
| कुल | 167 |

पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ परीक्षा-2021 के परीक्षा परिणाम में मुख्य भाग-अ के लिए प्रावधिक रूप से साक्षात्कार हेतु अर्ह पाए गए कुल-167 आवेदकों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :-

अविरत

# MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION
## VETERINARY ASSISTANT SURGEON EXAMINATION - 2021 PART A (MAIN)
### ROLL NUMBER WISE LIST OF CANDIDATES QUALIFIED FOR INTERVIEW

| S.NO. | ROLLNO | S.NO. | ROLLNO | S.NO. | ROLLNO | S.NO. | ROLLNO | S.NO. | ROLLNO |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 100004 | 37. | 100120 | 73. | 100263 | 109. | 100397 | 145. | 100569 |
| 2. | 100009 | 38. | 100124 | 74. | 100266 | 110. | 100400 | 146. | 100570 |
| 3. | 100011 | 39. | 100128 | 75. | 100267 | 111. | 100405 | 147. | 100572 |
| 4. | 100013 | 40. | 100129 | 76. | 100268 | 112. | 100406 | 148. | 100578 |
| 5. | 100016 | 41. | 100132 | 77. | 100272 | 113. | 100409 | 149. | 100584 |
| 6. | 100017 | 42. | 100136 | 78. | 100275 | 114. | 100418 | 150. | 100585 |
| 7. | 100020 | 43. | 100139 | 79. | 100278 | 115. | 100419 | 151. | 100589 |
| 8. | 100025 | 44. | 100140 | 80. | 100286 | 116. | 100428 | 152. | 100591 |
| 9. | 100027 | 45. | 100150 | 81. | 100288 | 117. | 100433 | 153. | 100595 |
| 10. | 100028 | 46. | 100152 | 82. | 100289 | 118. | 100435 | 154. | 100599 |
| 11. | 100029 | 47. | 100162 | 83. | 100290 | 119. | 100438 | 155. | 100601 |
| 12. | 100031 | 48. | 100164 | 84. | 100292 | 120. | 100440 | 156. | 100606 |
| 13. | 100039 | 49. | 100167 | 85. | 100296 | 121. | 100448 | 157. | 100607 |
| 14. | 100040 | 50. | 100172 | 86. | 100300 | 122. | 100452 | 158. | 100611 |
| 15. | 100042 | 51. | 100185 | 87. | 100301 | 123. | 100464 | 159. | 100613 |
| 16. | 100049 | 52. | 100193 | 88. | 100303 | 124. | 100470 | 160. | 100614 |
| 17. | 100050 | 53. | 100199 | 89. | 100316 | 125. | 100471 | 161. | 100615 |
| 18. | 100051 | 54. | 100203 | 90. | 100319 | 126. | 100473 | 162. | 100621 |
| 19. | 100052 | 55. | 100205 | 91. | 100321 | 127. | 100483 | 163. | 100622 |
| 20. | 100053 | 56. | 100206 | 92. | 100326 | 128. | 100485 | 164. | 100629 |
| 21. | 100054 | 57. | 100207 | 93. | 100328 | 129. | 100499 | 165. | 100636 |
| 22. | 100055 | 58. | 100214 | 94. | 100331 | 130. | 100501 | 166. | 100642 |
| 23. | 100064 | 59. | 100217 | 95. | 100335 | 131. | 100505 | 167. | 100645 |
| 24. | 100065 | 60. | 100218 | 96. | 100336 | 132. | 100511 | | |
| 25. | 100066 | 61. | 100225 | 97. | 100337 | 133. | 100516 | | |
| 26. | 100067 | 62. | 100226 | 98. | 100341 | 134. | 100518 | | |
| 27. | 100071 | 63. | 100230 | 99. | 100343 | 135. | 100519 | | |
| 28. | 100075 | 64. | 100233 | 100. | 100345 | 136. | 100522 | | |
| 29. | 100076 | 65. | 100239 | 101. | 100348 | 137. | 100523 | | |
| 30. | 100087 | 66. | 100241 | 102. | 100353 | 138. | 100525 | | |
| 31. | 100089 | 67. | 100243 | 103. | 100359 | 139. | 100526 | | |
| 32. | 100091 | 68. | 100252 | 104. | 100366 | 140. | 100530 | | |
| 33. | 100095 | 69. | 100253 | 105. | 100371 | 141. | 100534 | | |
| 34. | 100114 | 70. | 100256 | 106. | 100378 | 142. | 100536 | | |
| 35. | 100115 | 71. | 100257 | 107. | 100384 | 143. | 100543 | | |
| 36. | 100117 | 72. | 100259 | 108. | 100391 | 144. | 100562 | | |

# प्रावधिक भाग-ब

पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ परीक्षा-2021 के प्रावधिक भाग-ब हेतु उपरोक्त पदों के 03 गुना+समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह कुल-02 अभ्यर्थियों की श्रेणीवार विवरण निम्नानुसार है :-

| श्रेणी | 03 गुना+समान अंक |
|---|---|
| अनारक्षित (UR) | निरंक |
| अन्य पिछडा वर्ग (OBC) | 02 |
| कुल | 02 |

पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ परीक्षा-2021 के परीक्षा परिणाम में मुख्य भाग-अ के परीक्षा परिणाम में प्रावधिक भाग-ब के लिए प्रावधिक रूप से अर्ह पाए गए कुल-02 आवेदकों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :-

अविरत

# MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION

## VETERINARY ASSISTANT SURGEON EXAMINATION - 2021 PART B (PROVISIONAL)

### ROLL NUMBER WISE LIST OF CANDIDATES QUALIFIED FOR INTERVIEW

| S.NO. | ROLLNO |
|---|---|
| 1. | 100280 |
| 2. | 100509 |

अभिलेख प्रेषित करने हेतु निर्देश :-

| | |
|---|---|
| 01 | उपरोक्त परीक्षा के लिए भरे गए ऑनलाइन आवेदन पत्र की छायाप्रति। |
| 02 | उपस्थिति पत्रक-1 मूल प्रति (आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध)। |
| 03 | व्यक्तिगत विवरण-01 मूल प्रति व 5-छायाप्रति (आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध)। |
| 04 | अनुप्रमाणन-फॉर्म 03 मूल प्रति (आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध)। |
| 05 | शासकीय सेवक हेतु अभिवचन पत्र-01 मूल प्रति (आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध)। |
| 06 | घोषणा पत्र (किसी भी चयन/परीक्षा में विवर्जित होने संबंधी-01 मूल प्रति) (आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध)। |
| 07 | अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को क्रीमीलेयर श्रेणी के अंतर्गत न आने संबंधी प्रस्तुत किए जाने वाला घोषणा पत्र-01 मूल प्रति (आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध)। |
| 08 | हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा की अंकसूची। |
| 09 | विधि के नियमों के अधीन स्थापित भारत की किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से पशु चिकित्सा विज्ञान में स्नातक। |
| 10 | स्नातक प्रत्येक वर्ष की अंकसूचियाँ एवं उपाधि (प्रोविजनल उपाधि भी मान्य) |
| 11 | विधि के नियम के अधीन स्थापित मध्यप्रदेश राज्य पशु चिकित्सा परिषद के अधीन, पद के विज्ञापन की तारीख के पूर्व पंजीकृत। पंजीकरण स्थायी होना अनिवार्य है। |
| 12 | मूल निवासी/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की प्रति(प्रमाण पत्र में गोल सील, जावक क्रमांक, दिनांक का उल्लेख आवश्यक है।) |
| 13 | आरक्षित श्रेणी होने की स्थिति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदक सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मध्यप्रदेश शासन का जाति प्रमाण पत्र। विवाहित महिलाओं के मामले में स्वयं के नाम के साथ पिता के नाम का जाति प्रमाण पत्र। (जाति प्रमाण पत्र में जारी करने का दिनांक, गोल सील एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख होना आवश्यक है। अन्य राज्य के जारी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।) (केन्द्र शासन की सेवाओं हेतु मान्य जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे। मध्यप्रदेश शासन की सेवाओं हेतु निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण पत्र मान्य होंगे।) |
| 14 | ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी की पात्रता रखने वाले आवेदक ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का वैध प्रमाण पत्र। |
| 15 | मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने की स्थिति में मध्यप्रदेश रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति। |
| 16 | महिला आवेदकों हेतु विवाहोपरांत/उपनाम परिवर्तन की स्थिति में शपथ पत्र की प्रति। |
| 17 | दिव्यांगजन होने की स्थिति में दिव्यांगता विषयक मेडिकल बोर्ड का वैधता प्रमाण पत्र जिसमें दिव्यांगता के प्रकार एवं दिव्यांगता के प्रतिशत का स्पष्ट उल्लेख हो। (इस प्रमाण पत्र की वैधता अवधि समाप्त न हुई हो।) |
| 18 | भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति में भूतपूर्व सैनिक होने का प्रमाण पत्र की प्रति। |
| 19 | शासकीय सेवक होने की स्थिति में विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति। (अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त न हुआ हो तो विभाग को अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु प्रस्तुत पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करें।) |
| 20 | अन्य कोई प्रमाण पत्र (यदि हो, जिसका ऑनलाइन आवेदन पत्र में उल्लेख हो की छायाप्रति।) |

05/ उपरोक्तानुसार क्रम में प्रमाण पत्रों की प्रमाणित/स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर दिनांक 14.11.2022 तक आयोग कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। जिन आवेदकों के अभिलेख अंतिम तिथि तक प्राप्त नहीं होंगे, उनके विषय में यह माना जाएगा कि वे साक्षात्कार में भाग नहीं लेना चाह रहे हैं। उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियो की आयोग कार्यालय द्वारा सूक्ष्म जांच करने के उपरांत सही पाए जाने पर ही आवेदक को साक्षात्कार की पात्रता होगी। साक्षात्कार की तिथि पृथक से घोषित की जाएगी।

अविरत

## <u>महत्त्वपूर्ण टीप :–</u>

01. सूची में दर्शाए गए परीक्षा परिणाम पूर्णतः प्रावधिक है। यदि आवेदक पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ परीक्षा-2021 के लिए अधिसूचित नियमों एवं शर्तों को पूर्ण नहीं करते हैं, तो साक्षात्कार हेतु उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जाएगी।
02. आरक्षित वर्ग के वे अभ्यर्थी जिनके प्राप्तांक अनारक्षित वर्ग के प्राप्तांक के बराबर या अधिक हैं, उन्हें अनारक्षित वर्ग में लघुसूचीकृत किया गया है।
03. महिला आरक्षण में आरक्षित वर्ग की वे महिला अभ्यर्थी जिनके प्राप्तांक अनारक्षित वर्ग के प्राप्तांक के बराबर या अधिक हैं, उन्हें अनारक्षित वर्ग में लघुसूचीकृत किया गया है।
04. पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ परीक्षा-2021 के साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी। साक्षात्कार की विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाईट www.mppsc.mp.gov.in पर जारी कर दी जाएगी।
05. <u>*न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।*</u>
06. ऑनलाइन आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण, अपूर्ण, असत्य जानकारी देने अथवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन में चाही गई वांछित औपचारिकताएं पूर्ण न करने के परिणामस्वरूप चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी।
07. साक्षात्कार हेतु प्रावधिक रूप से अर्ह प्रत्याशियों की सूची आयोग की वेबसाईट www.mppsc.mp.gov.in पर उपलब्ध है। यह स्पष्ट किया जाता है कि मुद्रण त्रुटियों के लिये आयोग जिम्मेदार नहीं होगा।
08. लिखित परीक्षा परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई भी तकनीकी त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि संज्ञान में आती है, तो आयोग के पास परीक्षा परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।
09. उपरोक्तानुसार जारी प्रावधिक परीक्षा परिणाम का अंतिम चयन परिणाम माननीय उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी.-5901/2019 एवं संबंधित अन्य याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।
10. आवेदकों को निर्देशित किया जाता हैं कि वे अपने अभिलेख दिनांक 14.11.2022 तक निम्न पते पर भेजना सुनिश्चित करें :-

प्रति,

सचिव,<br>
मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग,<br>
रेसीडेंसी एरिया,<br>
इंदौर (म.प्र.)-452001

लिफाफे पर <u>पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ परीक्षा-2021 के साक्षात्कार हेतु अभिलेख</u> अवश्य लिखें।

Dyadhav 13/10/22

उप परीक्षा नियंत्रक